# GOVERNMENT COLLEGE SATNALI, MAHENDERGARH

Affiliated to IGU, Meerpur, Rewari & Recognised u/s 2(f) of UGC Act

AISHE CODE: C-49467 *Phone: 01285-231122(O)*

*Website: http://gcsatnali.ac.in* *E-mail: gcsatnali@yahoo.com*


## वार्षिक एथलेटिक मीट पर कार्यवाही रिपोर्ट (2024-25)

**दिनांक:** 10.02.2025

**स्थान: राजकीय महाविद्यालय सतनाली**

### परिचय:

राजकीय महाविद्यालय सतनाली में वार्षिक एथलेटिक मीट भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों एवं विशिष्ट अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मीट का उद्घाटन **श्री महेंदर सिंह, प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय, महेंदेरगढ़** के करकमलों से किया गया, जिन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

### कार्यक्रम का विवरण:

- एथलेटिक मीट में कई खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें 5000 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो आदि शामिल थे।
- छात्रों ने खेलों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया और कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।
- टीम स्पर्धाओं में मटका दौड़ और थ्री लेग दौड़ मुख्य आकर्षण रहे।
- दर्शकों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### मुख्य अतिथि का संबोधन:

मुख्य अतिथि **(डॉ लक्ष्मी नारायण यादव, एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, महेंदेरगढ़)** ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को नियमित रूप से खेल-कूद में भाग लेने की प्रेरणा दी और कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होते हैं।

# GOVERNMENT COLLEGE SATNALI, MAHENDERGARH

Affiliated to IGU, Meerpur, Rewari & Recognised u/s 2(f) of UGC Act

AISHE CODE: C-49467 | Phone: 01285-231122(O)

Website: http://gcsatnali.ac.in | E-mail: gcsatnali@yahoo.com


## परिणाम और पुरस्कार वितरण:

- **सर्वश्रेष्ठ एथलीट (पुरुष):** राहुल (B.A. 3rd year)
- **सर्वश्रेष्ठ एथलीट (महिला):** चंद्रपति (B.A. 1st year)
- सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र, नगद पुरुस्कार एवं पदक प्रदान किए गए।

## समापन समारोह:

समापन समारोह में प्राचार्य डॉ सुधीर लाम्बा ने धन्यवाद ज्ञापन किया और छात्रों को आगे भी खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## निष्कर्ष:

वार्षिक एथलेटिक मीट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने छात्रों में खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा दिया और उन्हें अनुशासन, टीम वर्क और खेल भावना का महत्व सिखाया।



दैनिक भास्कर | महेंद्रगढ़ भास्कर 11-02-2025

दैनिक भास्कर | नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में खेलों में विद्यार्थियों ने दिखाया जोश

**चंद्रपति बीए प्रथम व राहुल बीए तृतीय को बेस्ट एथलीट अवॉर्ड से किया गया सम्मानित**

भास्कर न्यूज़ | सतनालीमंडी

राजकीय महाविद्यालय सतनाली में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया।

महोत्सव में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक सहित विभिन्न एथलेटिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बतौर मुख्य अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ के प्राचार्य महेंद्र सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को खेलों को शिक्षा के साथ जोडने और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ से प्रो. महेश सिंह व राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ से डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ. श्रीभगवान ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है बल्कि यह अनुशासन टीम वर्क और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देते हैं।

प्राचार्य डॉ. सुधीर लांबा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथिगण व स्टाफ।

**ये रहे विजेता खिलाड़ी**

5000 मीटर लड़कों की दौड़ में विकेंद्र (बीए द्वितीय), 100 मी. लड़कों की दौड़ में राहुल बीए द्वितीय वर्ष, गोला फेंक में प्रिया बीए तृतीया वर्ष, 400 मी. लड़कों की दौड़ में अनुराज एमएससी द्वितीया वर्ष, 200 मी. लड़कियों की दौड़ में चंद्रपति बीए, 800 मी. लड़कों की दौड़ में राहुल बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में चंद्रपति बीए प्रथम व राहुल बीए तृतीय को महाविद्यालय के बेस्ट एथलीट अवार्ड से सम्मानित किया गया। जितेन्द्र वशिष्ठ एवं प्रो. लक्ष्मी नारायण यादव ने विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए।



नवोदय टाइम्स | Tue,11 February 2025 | Edition: rewari mahendergarh times, Page no. 4

**कॉलेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता में राहुल व चंद्रपति रहे बैस्ट एथलीट**

**अंत तक लड़ की प्रेरणा देते हैं खेल : महेंद्र**

सतनाली मंडी, 10 फरवरी (ब्यूरो) : राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय सतनाली में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ के प्राचार्य महेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का विशेष महत्व होता है। खेल से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है अपितु प्रतिस्पर्धा व अंत तक लड़ने की प्रेरणा मिलती है। खेल अधिकारी डा. श्रीभगवान ने बताया कि इस अवसर पर 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर व 5000 मीटर दौड़ के अलावा लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक सहित अनेक एथलेटिक स्पर्धाएं आयोजित की गई जिनमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि लड़कों की 5000 मीटर लड़कों की दौड में विकेन्द्र प्रथम तथा राहुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर लडकों की दौड में राहुल प्रथम, 400 मीटर लड़कों की दौड में अनुराज प्रथम तथा कपिल द्वितीय स्थान पर रहा। 800 मीटर लड़कों में राहुल प्रथम व विकेन्द्र द्वितीय स्थान पर रहा। लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में चन्द्रपति प्रथम व प्रियंका द्वितीय स्थान पर रही। गोला फेंक में प्रिया प्रथम व प्रियंका द्वितीय रही। प्रतियोगिता में लड़कों में राहुल तथा लड़कियों में चंद्रपति को बैस्ट एथलीट चुना गया। कार्यक्रम में प्रो. महेश सिंह एवं डा. जितेंदर कुमार गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डा. सुधीर लाम्बा ने कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ से मुख्य अतिथि प्रो. लक्ष्मी नारायण यादव ने विजेताओं को नगद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हार व जीत खेल का भाग होते हैं अत: खिलाड़ी को हार अथवा जीत की परवाह न करते हुए खेल भावना से खेल खेलना चाहिए। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।


Dr. Harsh


realme Shot by it's teju
realme 8 5G






GOVERNMENT COLLEGE SATNALI
Organizes
9th Annual Athletic Meet
10th February 2025
9th Annual Athletic Meet 2024-2025
realme Shot by it's teju
realme 8 5G


Dr. Harsh


Dr. Harsh


realme Shot by it's teju
realme 8 5G


realme Shot by it's teju
realme 8 5G





**डॉ श्री भगवान**

**(खेल प्रभारी)**

राजकीय महाविद्यालय, सतनाली

-xxxxxxxxxxxx-